



# एनएच-30 मैहर-कटनी डामर सड़क की गुणवत्ता पर सवाल

## निर्माण के कुछ ही समय बाद उखड़ने लगी सड़क





नवभारत न्यूज

**मैहर 23 दिसंबर, नेशनल हाईवे-30 पर मैहर से कटनी के बीच हाल ही में बनाई गई डामर सड़क की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित यह सड़क निर्माण पूर्ण होने के कुछ ही समय बाद जगह-जगह से उखड़ने लगी है, जिससे निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।**

स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों का आरोप है कि सड़क का निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं किया गया। कई स्थानों पर गड्ढे बन गए हैं, जबकि कुछ हिस्सों में डामर के नीचे की गिट्टी बाहर निकलती दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क का निर्माण गुणवत्ता मानकों के अनुसार हुआ होता, तो इतनी जल्दी इसकी हालत खराब नहीं होती। इस पूरे मामले में जब एनएच-30 के सब इंजीनियर से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में कहीं-न-कहीं तकनीकी खामियां रह गई हैं। सब इंजीनियर ने बताया कि संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर निर्माण कार्य में सुधार के निर्देश दिए जाएंगे। हालांकि, जमीनी हकीकत यह है कि निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क को पहले ही पूर्ण घोषित कर दिया गया है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब सड़क को पूरा मान लिया गया तो बाद में सुधार या उखाड़-पछाड़ की कार्रवाई किस आधार पर होगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से मांग की है कि खराब निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी निर्माण एजेंसी पर सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ सकती है। करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़क का कुछ ही समय में इस स्थिति में पहुंचना सार्वजनिक धन के दुरुपयोग की ओर भी इशारा करता है। अब यह देखना अहम होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी गंभीरता से जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई करता है।



# बांग्लादेश के राष्ट्रपति के विरोध में पुतला दहन

नवभारत न्यूज

**मैहर 23 दिसंबर, बांग्लादेश में हिदू समाज पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में मैहर नगर में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं सकल हिन्दू समाज के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया।**

इस प्रदर्शन में विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल, अतुल त्रिपाठी एवं बजरंग दल के जिला संयोजक सतना राकेश प्रताप सिह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और बांग्लादेश सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। ।सरस्वती स्कूल से कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए घंटाघर चौराहा पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार और राष्ट्रपति के खिलाफ नारेबाजी की।

घंटाघर चौराहे पर बांग्लादेश के राष्टपति का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बांग्लादेश में हिदू समुदाय को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन वहां की सरकार इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है।

कार्यक्रम में शिव चौरसिया, सुमित मिश्रा, राघवेंद्र मिश्रा, मनोरमा शर्मा, डोली गुप्ता एवं आकांक्षा शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकताह विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिदुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिता जताई और भारत सरकार से कूटनीतिक स्तर पर कड़ा रुख अपनाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनड़र पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।



# ग्रामोदय की शोधार्थी प्रिय दर्शिका रानी को मिला यंग साइंटिस्ट अवार्ड

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 23 दिसंबर । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान विषय से शोध अध्ययन कर रही शोधार्थी प्रिय दर्शिका रानी को 13वें अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस में यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने शोध छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।**

शोधार्थी की शोध निर्देशिका एवं पर्यावरण और ऊर्जा विभाग की अध्यक्ष प्रो साधना चौरसिया ने बताया कि इंटरनेशनल साइंस कम्यूनिटी एसोसिएशन इंदौर के तत्वावधान में दो दिवसीय डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय फैजाबाद (अयोध्या) में आयोजित किया था। इस मौके शोधार्थी प्रिय दर्शिका रानी द्वारा प्रस्तुत चित्रकूट के औषधीय पौधों पर प्रत्यक्ष रूप से शोध पत्र के सुव्यवस्थित वाचन पर यंग साइंटिस्ट अवार्ड 2025 से सम्मानित किया है। प्रिय दर्शिका रानी को प्रदत्त यह अवॉर्ड डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय अयोध्या ने प्रदान किया है।

# बांग्लादेश सरकार के खिलाफ विहिप बजरंग दल का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सतना 23 दिसंबर, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा सतना सिमरिया चौराहा में बांग्लादेश में हुई हिंदुओं की निर्मम हत्या के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया गया कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेशी सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए हिंदुओं को सुरक्षा न दे पाने का आरोप लगाया।**

कट्टरपंथी जेहादी इस्लामिक मानसिकता के पुतले को गर्दन में फंदा डालकर जलाया गया विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विपिन सिंह ने प्रदर्शन की जानकारी देते हुए कहा की बांग्लादेशी सरकार को चेताने के लिए पूरे प्रांत के साथ सतना में भी प्रदर्शन किया गया है अब हिंदू चुप बैठने वाला नहीं है भारत सरकार भी बांग्लादेश में हो रही हिंदुओं के हत्या पर संज्ञान ले और हस्तक्षेप करें उग्र प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद के विक्रम चौधरी, लखन, केसरवानी, रामजी गुप्ता,यतेंद्र पाठक,राज बहादुर मिश्रा, विपिन सिंह,सागर गुप्ता, नरेश शुक्ला, आदर्श त्रिपाठी जिला संयोजक बजरंग दल, डॉ दीपक सोई, सचिन शुक्ला, सत्य प्रकाश द्विवेदी, अबीर द्विवेदी, राजू प्रबंदा ,बबलू श्रीवास्तव शशि शेखर सिंह, सुमित परहुआ,,मनीष शर्मा, राकेश मिश्रा, अभिजीत गुप्ता, राकेश तिवारी, सुजल वाल्मीकि बदल चतुर्वेदी, आदर्श मिश्रा, विवेक पाठक, जितेंद्र सिंह ,मनोज गुप्ता, विकाश सुखेजा आयुष तिवारी राज श्रीवास्तव विनोद जायसवाल मातृशक्ति रीता त्रिपाठी सविता गुप्ता संगीता पांडे सरिता सिंह मेघा तिवारी विनीता शर्मा अनुराधा बघेल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।




## बी एड विद्यार्थियों का विद्यालय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बी .एड . के तृतीय सेमेस्टर एवं बी .एल .एड . पाठयक्रम के सप्तम सेमेस्टर के छात्राध्यापकों/ छात्राध्यापिकाओं के चित्रकूट क्षेत्र के विद्यालयों में आयोजित 20 सप्ताह के शिक्षण अभ्यास एवं विद्यालय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नन्द लाल मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। शिक्षण अभ्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक डॉ श्याम सिंह गौर ने विषय प्रवर्तन किया। इस मौके पर शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किए।

# सुंदरकांड पाठ के एक वर्ष पूरे होने पर विशेष आयोजन



मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड

नवभारत न्यूज

**कोठी 23 दिसंबर, बस स्टैंड कोठी परिसर पर स्थित हनुमान मंदिर में सामुहिक संगीतमय सुंदरकांड का पाठ प्रति मंगलवार को करने का 1 वर्ष पूर्ण हो गए हैं।**

यह आयोजन प्रति मंगलवार को समस्त क्षेत्रीय भक्तों द्वारा मिलकर आयोजित किया जाता है जिसमें प्रभु बजरंगबली की पूजा अर्चना कर के पाठ का आयोजन किया जाता है गाजे बाजे के साथ पाठ पूर्ण होने के उपरांत आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया जाता है आज 1 वर्ष पूर्ण होने में विशेष रूप से आयोजन कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया जिसमें काफी संख्या में क्षेत्रीय भक्त शामिल हुए।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आज



विधि न्याय एवं कंपनी मामले में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के सतना जिले के अध्यक्ष बृजेश गर्ग सोनू ने बताया कि 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उपभोक्ताओं की जागरूकता हेतु जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने ने बताया कि यह कार्यक्रम एक सप्ताह तक लगातार सतना जिले के विभिन्न विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर किया जाएगा जिसकी शुरुआत सतना जिले के कलेक्टर सभागार में 2 बजे आयोजित कार्यक्रम से होगी जिसमें सभी को पहुंचने की अपील की गई है.

# सीमेंट उद्योग लील रहा खेती की उपजाऊ जमीन

- धूल, डस्ट, धुआं व रासायनिक अपशिष्ट बन रहा बड़ा कारण पत्थर, अयस्क, के लिए कृषि के रकबे पर खुद रही खदानें, मजबूरी में किसान कर रहे जमीन का सौदा, शहरों व महानगरों में बड़ा पलायन

नवभारत न्यूज

**रामनगर 23 दिसंबर, मध्यप्रदेश के सतना, मैहर ,व सीधी जिले में चल रहे सीमेंट कारखाने, क्रेसर, खदानें धीरे-धीरे कृषि योग्य रकबे को निगल रही है।**

चौबीसों घण्टे भारी/हल्के/भार वाहनों की धमाचौकड़ी से जंहा वातावरण में कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, और जहरीली गैसे मिक्स अप हो रही है वहीं सीमेंट कारखानों की भट्टियों से निकलने वाला जहरीला धुंआ जो आसपास की खेती का दुश्मन बन चुका है और पर्यावरण व वातावरण में रोगवाहकों की उत्पत्ति का साधन बन चुका है और तो और ब्लास्टिंग, खनन , क्रेसर क्षेत्र में भारी ध्वनि प्रदूषण का कारण बन रहा है ,जिससे क्षेत्रीय नागरिकों को, बहरापन, मोतियाबिंद, रक्ताल्पता, एलर्जी,दमा, टीबी,हाइबीपी/लो-बीपी, माइग्रेन, बांझपन व कैंसर जैसी भयानक बीमारियां आम हो चुकी है,उदाहरण के लिए मैहर - कटनी रोड पर स्थित ग्राम इटमा टमाटर मंडी को ही ले ले, जो कभी टमाटर फसल की पैदावार के लिए प्रदेश में जाना जाता था, जहां के किसान दिन रात मेहनत करके विभिन्न शहरों में गुणवत्ता पूर्ण टमाटर की फसल बेंचते थे,आज बंजर होती जमीन के चलते वहां टमाटर की पैदावार शून्य हो गई है,कारण वहां पर स्थित सीमेंट प्लांट,जिसके चलते बड़ी उपजाऊ जमीन नष्ट हो गई और बची जमीन उर्वरा शक्ति खोती जा रही है,यही हाल अन्य जगह भी है,हालांकि कहने को तो सरकारें कृषि योग्य रकवे पर सीमेंट या क्रेसर माइंस उद्योग संचालन की अनुमति नहीं देती,लेकिन मैहर/सतना जिले में यह कोई मायने नहीं रखता तथाकथित किसी सरकारी राजस्व की या वन विभाग या निजी बंजर जमीन पर सीमेंट उद्योग लगाने की अनुमति मिलती है फिर उस क्षेत्र के किसानों की जमीन का अधिग्रहण प्रारम्भ हो जाता है,दलालों व सफेदपोशों की मिलीभगत से औने-पौने दाम देकर खना-खोदी प्रारम्भ हो जाती है ।

फलस्वरूप एक बड़ा कृषि का रकबा खत्म हो जाता है और फिर बची खुची जमीन व किसानों पर धूल,धुंआ का कहर मौत बनकर टूटता है ।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 23 दिसंबर, जिला प्रशासन सतना द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत समन्वय- माधवम ईप्सा फाउंडेशन के सहयोग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हिरौंदी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आशीष कुमार सेन निदेशक माधवम ईप्सा फाउंडेशन रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बाल विवाह की सामाजिक, मानसिक एवं कानूनी हानियों की विस्तृत जानकारी दी तथा समाज से इस कुप्रथा को समाप्त करने हेतु सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थित शिक्षकगण को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने बाल विवाह न करने, न होने देने तथा इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य रमेश भारती के नेतृत्व में शिक्षक सुशील कुमार पांडे, अंजली शुक्ला, रामजी कोरी, उमेश कोरी, श्रद्धा सिंह, खुशबू पांडे, गीता पटेल एवं रुचि त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षकगण छात्राओं के साथ सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण तथा कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत का 6वां स्थापना दिवस मलगांव में 28 को

नवभारत न्यूज

**कोटर 23 दिसंबर, राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत का छठवां स्थापना दिवस 28 दिसम्बर को सतना जिले के मलगांव में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह चंदेल ( आजमगढ़ उप्र ) होंगे।**

कार्यक्रम संयोजक भागवत द्विवेदी राष्ट्रीय प्रभारी, नरेंद्र पांडे मप्र महामंत्री, रवि गुप्ता संभाग अध्यक्ष रीवा, जितेंद्र अग्निहोत्री जिला अध्यक्ष, पूजा द्विवेदी महिला बिंग जिला अध्यक्ष ,अतुल गौतम जिला प्रभारी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष किशन द्विवेदी, प्रसन्न मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी उमेश शुक्ला,क्षजिला प्रवक्ता शिवम शुक्ला,जिला उपाध्यक्ष बलभद्र मिश्रा,ब्लॉक अध्यक्ष सोहावल मोहन स्वरुप चौबे,ब्लॉक अध्यक्ष मझगवा नागेंद्र द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष रामपुर बाघेलान संजय तिवारी,अध्यक्ष कोटर प्रणेश त्रिपाठी,तहसील अध्यक्ष रामपुर जगतनारायण त्रिपाठी,जिला संरक्षक रामहृदय त्रिपाठी,अध्यक्ष कोठी पुष्पेन्द्र गुप्ता,तहसील अध्यक्ष मझगवा करामत अली,तहसील अध्यक्ष उचेहरा अजय तिवारी, उपाध्यक्ष बिरसिंहपुर अंकित द्विवेदी, उपाध्यक्ष कोटर सम्मानित होंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकेश त्रिपाठी करेंगे कार्यक्रम मे ज्यादा से ज्यादा लोग को पहुंचने अपील की है।



## सांसद खेल महोत्सव में सरोज गुर्जर का हुआ सम्मान

**नागौद 23 दिसंबर,** दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 में आज श्रीमती सरोज गूजर भाजपा जिला महामंत्री मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहीं। आयोजकों ने श्रीमती गुर्जर का आत्मीय स्वागत कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्रीमती गुर्जर ने कहा कि आज मुझे यहां बुलाकर जो स्वागत एवं सम्मानित किया गया है इसके लिए मैं सांसद जी, शैलेंद्र सिंह , अरुण कुमार सिंह एवं उनकी समस्त टीम को धन्यवाद व्यक्त करती हूं ।




# मशरूम खेती के लिए प्रशिक्षण आयोजित

- आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड, मैहर का आयोजन

नवभारत न्यूज

**अमदरा 23 दिसंबर, आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड, मैहर ( एम.पी. बिरला ग्रुप ) के सीएसआर विभाग द्वारा अंकुरम-आरोग्यसखी प्रोजेक्ट के अंतर्गत महिलाओं के लिए दिनांक 20 से 23 दिसंबर 2025 तक तीन दिवसीय मशरूम खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**


यह प्रशिक्षण साढ़ेरा, सलैया, शांतिपुर, बरोंह, बंधी तथा घुरवाई गांवों की मदर ग्रुप की महिलाओं के लिए आयोजित किया गया, जिसमें कुल 30 महिलाएं शामिल हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत साढ़ेरा माइंस मैनेजर सुधाकर कुमार द्वारा की गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में हरि ओम विश्वकर्मा ने महिलाओं को मशरूम खेती की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि मशरूम का सेवन बच्चों में कुपोषण को दूर करने में कैसे मदद कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मशरूम उत्पादन की पूरी जानकारी चरणबद्ध तरीके से दी गई। प्रशिक्षण के समापन पर सीएसआर हेड मनोज सिंह उपस्थित रहे और उन्होंने सभी महिलाओं को मशरूम के बीज वितरित किए, ताकि महिलाएं अपने घरों में भी मशरूम की खेती कर सकें तथा इससे परिवारों के पोषण में सुधार हो सके। आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड का यह प्रयास ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने तथा पोषण सुधार के महत्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# किसान भीषण ठंड में एक हफ्ते से खरीदी केंद्र में पड़ा है पर धान की नहीं हुई तौल

- रीछुल धान खरीदी केंद्र में मनमानी से किसान परेशान, खाद आपूर्ति अधिकारी मौन

नवभारत न्यूज

**नागौद 23 दिसंबर, सेवा सहकारी समिति रीछुल के सहायक प्रबंधक अनिल कुमार रावत की मनमानी प्रशासन पर भारी पड़ती नजर आ रही है। एक ओर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक किसानों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए खुद सड़कों पर उतरकर निरीक्षण कर रहे हैं, लेकिन किसानों को हो रही परेशानी पर जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं।**



किसान प्रदीप चौधरी ने बताया कि मैं शंकरपुर ग्राम पंचायत रुनेही का रहने वाला हूं मैं इस भीषण ठंड में लगातार एक हफ्ते भर से रीछुल खरीदी केंद्र में पड़ा हुआ हूं लेकिन मेरी धान की तुलाई नहीं की जा रही है और मेरे से लगातार समिति के कर्मचारियों के द्वारा पैसे की मांग की जा रही है और बोला जाता है कि अगर पैसा नहीं दोगे तो तुम्हारी धान नहीं तोली जाएगी जहां तुम्हें शिकायत करना हो कर लो हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है, जबकि अनिल रावत का पंजीयन और सत्यापन है । किसान ने यह भी बताया कि लगातार समिति के सहायक प्रबंधक अनिल कुमार रावत एवं उनके सहयोगी बृजेंद्र तिवारी उर्फ बिज्जू जो कि समिति का कर्मचारी भी नहीं है लेकिन रिछुल खरीदी केंद्र में लगातार किसानों से अवैध वसूली का अंजाम दे रहा है यह बात मीडिया और सोशल मीडिया में वायरल हो रही है दूसरी ओर खाद्य आपूर्ति अधिकारी किसानों की चीख-पुकार को अनसुना करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। सूत्रों के मुताबिक जिले में किसानों की खुलेआम लूट के आरोप सोशल मीडिया में वायरल हो चुके हैं। किसानों ने खुलेआम वसूली के गंभीर आरोप लगाए, लेकिन खाद्य आपूर्ति अधिकारी की रहस्यमयी चुप्पी यह साफ बता रही है कि हर खरीदी केंद्र से कीमत वसूली जा रही है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि कलेक्टर और एसपी को खुद मैदान में उतरना पड़ रहा है। सवाल यह है कि जब जवाबदार ही व्यवस्था के दुश्मन बन जाएं, तो कार्रवाई कौन करेगाड़ किसानों के विरोध को दबाने में प्रशासन फुर्ती दिखाता है, लेकिन अपने ही कर्मचारियों की करतूतों पर आंख मूंद लेता है। अब बड़ा सवाल यह है कि जिला कलेक्टर सतना खाद्य आपूर्ति अधिकारी एवं सेवा सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक अनिल रावत पर कब कार्रवाई करेंगे।

# अपनी स्वेच्छा से ही करना होगा भंडारा ,अब नहीं ले पाएंगे किसी प्रकार का अनुदान

- समिति ने जारी की एडवाइजरी

नवभारत न्यूज

**मैहर 23 दिसंबर, मां शारदा देवी का प्राचीन मंदिर देशभर में लाखों श्रद्धालुओं का आस्था का केंद्र बिंदु है जहां प्रतिदिन देश के कोने-कोने से लाखों की तादात में श्रद्धालु भक्त माता के दर्शन करने आते हैं देखा जाए तो आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए मां शारदा प्रबंधन समिति द्वारा मां शारदा अन्नकूट प्रसादालय संचालित किया जा रहा है.**



इस अन्नकूट में महज ड़10 सुविधा शुल्क के साथ पेट भर भोजन आने वाले दर्शनार्थियों के लिए उपलब्ध रहता है इसके साथ ही जेपी सीमेंट द्वारा अन्नकूट संचालित किया जा रहा है जिसमें वहां पर भी ड़10 शुल्क लेकर आने वाले श्रद्धालु भक्तों को भरपेट भोजन कराया जाता है लेकिन देखा जाए तो इसी के साथ जेपी सीमेंट फैक्ट्री द्वारा मां शारदा सेवा ट्रस्ट के नाम का अकाउंट रीवा में एक प्राइवेट बैंक में खोला गया और भंडारे करने के नाम पर अनुदान भी लिया जा रहा है जिसकी जानकारी शारदा प्रबंधन समिति को भी है यहां तक की मां शारदा प्रबंधक समिति द्वारा संचालित अन्नकूट प्रसाद्यालय में भी जिन श्रद्धालु भक्तों को अपनी सुरक्षा अनुसार अनुदान एवं भंडारा करना हो वह समिति में राशि अन्नकूट के खाते पर या समिति में नगद रसीद के माध्यम से जमा कर सकते हैं और उसे माध्यम से अन्नकूट भंडारा संचालित किया जा रहा है लेकिन देखा जाए तो पिछले कई दिनों से शारदा प्रबंधन समिति के खाते पर अन्नकूट एवं भंडारे जैसे कार्यक्रम करने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है जिस पर नियंत्रण करने के लिए शारदा प्रबंधन समिति के प्रशासक एसडीएम एवं कलेक्टर द्वारा नई एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें शारदा प्रबंधन समिति में भंडारा करने के साथ-साथ अगर कोई श्रद्धालु भक्त अपनी सुरक्षा अनुसार मंदिर क्षेत्र में प्रसाद भंडारा वितरण करना चाहता है तो उन्हें निम्न शर्तों का पालन करना पड़ेगा जिस पर शारदा प्रबंधन समिति द्वारा विगत दिनों निविदा प्रकाशित की गई है। जिसके माध्यम से मां शारदा देवी मंदिर परिसर पर जिन लोगों को भी निशुल्क प्रसाद वितरण एवं भंडारा जैसे गतिविधियां संचालित करनी है उसके लिए शारदा प्रबंधक समिति से अनुमति लेनी होगी और उसके साथ ही प्रसाद वितरण केंद्रों में शारदा प्रबंधक समिति की ही दान काउंटर पेटी एवं अनुदान लेने के लिए रसीद उपलब्ध कराई जाएगी इसका सीधा मामला यह था कि शारदा प्रबंधन समिति के खजाने में जो भंडारे के नाम पर आने वाली धनराशि समिति के पास आती थी वह गमन हो रही थी जिस पर रोकथाम के लिए अब शारदा प्रबंधन समिति ने लगाम लगा दिया है.

# सड़क चौड़ीकरण के लिए गौरीहार मंदिर को तोड़ने के खिलाफ संतो ने मोर्चा खोला

## चित्रकूट में जहां उतरा भगवान श्री राम का पुष्पक विमान, 300 साल पुराने उस मंदिर का मामला

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 23 दिसंबर, धार्मिक नगरी चित्रकूट में आज संतो द्वारा एक बैठक की गई है,कामदगिरी मंदिर पहुंच प्रमुख मार्ग में स्थापित पौराणिक गौरिहार मंदिर में संतों की बैठक हुई है, सड़क चौड़ीकरण को लेकर सैकड़ो साल पुराने गौरिहार के राजा द्वारा बनवाए गए गौरिहार मंदिर को तोड़े जाने की खबर पर संत इकट्ठा हुए है.**









बैठक में गौरिहार मंदिर को क्षतिग्रस्त न किए जाने को लेकर बैठक की गई है. संतों की माने तो मध्य प्रदेश क्षेत्र में गौरिहार मंदिर, बिजावर मंदिर एवं अन्य कई मंदिर रजवाड़ों के जमाने से बनाए गए हैं और ऐसे मंदिरों का स्वरूप नहीं बदलना चाहिए. पौराणिक महत्व को देखते हुए इस मंदिर को बचाने के लिए संत समाज और स्थानीय लोग आगे आए हैं। मंदिर कामदगिरि प्राचीन मुखारविंद मंदिर पहुंच प्रमुख मार्ग में है लेकिन ऐसी पौराणिक धरोहरों को क्षतिग्रस्त करने से चित्रकूट के ऐतिहासिक पौराणिक और भौगोलिक स्थिति में बदलाव होता दिखाई दे रहा है। नाली निर्माण और सड़क के चौड़ीकरण को लेकर के लोगों का कहना है कि 1959 और 62 के रिकॉर्ड निकाल करके अगर देखे जाए तो यह मंदिर दर्ज दिखाई देगा साथ ही इसके आसपास जो अतिक्रमण है उसको और ज्यादा हटा करके सड़क को चौड़ीकरण किया जा सकता है ऐसी पौराणिक धरोहरों को बचाने के लिए सड़क को मोड़ा जा सकता है कुछ और काम भी किया जा सकता है कुछ जगहों पर क्योंकि जिस तरह से यह धार्मिक पौराणिक और आध्यात्मिक धरोहर हैं जिनको देखने के लिए दर्शन करने के लिए देश-विदेश से लोग चित्रकूट पहुंचते हैं अगर उनको ही छतिग्रस्त कर दिया जाएगा तो फिर चित्रकूट में क्या बचेगा। आध्यात्मिक पौराणिक और ऐतिहासिक धरोहरों के बदले यहां के विकास का कोई महत्व नहीं रहेगा। विजय राघव मंदिर गौरिहार मंदिर के पुजारी का कहना है कि 300 से 350 साल पुराना यह मंदिर है। इस मंदिर में नींव नहीं डॉट देकर बनाया गया है पिलर भी नहीं है। इसलिए इस मंदिर को नहीं तोड़ा जाए उसके बदले प्रशासन द्वारा जमीन मांगी गई थी तो मंदिर प्रबंधन ने अपने मंदिर के आसपास की जगह शौचालय और चेंज रूम बनाने के लिए पहले ही दे दी है। अब यह पौराणिक मंदिर है अगर इसको ना गिराया जाए तो अच्छा होगा। अगर इस मंदिर को बिल्कुल भी छुआ गया तो उसे भगवान का गर्भ गए ही नहीं अपित परिक्रमा करने की जगह सभी कुछ धराशाई हो जाएगा।